आज समाज
अंबाला/चंडीगढ़, रविवार, 18 मार्च 2012

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जरूरी

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने निःशुल्क जांच शिविर का किया उद्घाटन

अविकसित क्षेत्रों में अस्पतालों की संख्या में कमी : विनोद शर्मा

विधायक विनोद शर्मा के साथ धर्म पत्नी शक्ति रानी शर्मा व अन्य।

पिंजौर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधायक विनोद शर्मा ने व्हाइट हाउस में दो दिवसीय निःशुल्क जांच व परामर्श कैंप का शनिवार को उद्घाटन किया। इसमें हृदय, दिमाग व बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इस मौके पर बाल कल्याण परिषद हरियाणा की उपाध्यक्ष शक्ति शर्मा भी उपस्थित थीं। इसका आयोजन अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसाइटी ने किया। उद्घाटन के बाद विधायक विनोद शर्मा ने कहा कि अविकसित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं कम हैं। अस्पताल की संख्या में कमी है और आबादी ज्यादा है। ऐसे में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जरूरी है। पिंजौर का चयन इसी भावना को लेकर किया गया है। उन्होंने अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसाइटी के इस नेक कार्य के लिए सराहना की। शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बेरोजगारी अधिक है। एचएमटी क्षेत्र की जीवन रेखा है, उसको बनाए रखने को उन्होंने उद्योग मंत्री प्रफुल्ल पटेल से भी बात की थी। एचएमटी को पटरी पर लाने को पिछले दिनों भी पैकेज दिया गया है। क्षेत्र में एक लाख रोजगार दिलवाने को अंबाला में एक आईएमटी का प्रस्ताव सरकार को दिया था, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध किया। रोहतक व फरीदाबाद में आईएमटी के बनने से दक्षिणी हरियाणा में विकास तेजी से होगा। शर्मा ने विपक्ष से विरोध के नाम पर विरोध की संकीर्ण राजनीति छोड़कर विकास की राजनीति करने का आह्वान किया। कहा कि आईएमटी हवा में तो नहीं बनेगा ,उसके लिए जमीन चाहिए। हां,जमीन अधिग्रहण पर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ऐसा वह भी चाहते हैं। पेरा फेरी एक्ट पर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में यह एक्ट लागू नहीं होता। इसी कारण तो जीरकपुर क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। यहां भी इसी गति से विकास होगा। यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में लाल डोरा बढ़वाने का वह प्रयास करेंगे। विकास के लिए पैसा चाहिए इसलिए लोगों को चंडीमंदिर के टोल प्लाजा पर टोल टैक्स और केंद्र के सर्विस टैक्स की बढ़ोत्तरी को भी स्वीकार करना चाहिए।

मुफ्त मिलेंगी दवाइयां : शक्ति शर्मा

शिविर की आयोजिका शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए यहां निःशुल्क जांच का दो दिवसीय शिविर लगाया गया है। इसमें हार्ट चेकअप ,ईसीजी, ईको ,ब्लड शूगर व फेफड़ों की क्षमता के टेस्ट मुफ्त किए जा रहे हैं। रोगियों को सभी दवाइयां भी मुफ्त दी जा रही है। हार्टचेक अप मेदांता अस्पताल गुड़गांव के डा. केपी सिंह ,डा. एके अनेजा ,डा. नरेश शर्मा व डा. विक्रम शर्मा की टीम कर रही है। बच्चों का चेकअप चिल्ड्रन अस्पताल के डा. प्राची व डा. राजेन्द्र की टीम कर रही है।